पंजाब केसरी 29/11/2024

विलियम शेक्सपियर का प्रसिद्ध दुखांत नाटक किंग लियर देखते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (देवदत्त)

कॉलेज विद्यार्थियों ने देखा विलियम शेक्सपियर का नाटक किंग लियर

अम्बाला, 28 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा वीरवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में अंग्रेजी साहित्य के विद्यार्थियों ने विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध दुखांत नाटक किंग लियर को दिखा। यह नाटक इंग्लैंड के इतिहास से जुड़ी घटना को दर्शाता है, जिसे देखकर साहित्य एवं अन्य संकायों के विद्यार्थियों ने साहित्यिक और उस समय की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने साहित्य की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजी विभाग को मूवी स्क्रीनिंग को अपने पाठ्यक्रम में अतिरिक्त समय देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. नीना ने कहा कि पाठ्यक्रम से संबंधित फिल्मों का आयोजन पाठ्यक्रम की नीरसता को समाप्त करता है और पाठ्यक्रम को सरलता से समझने में सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग से डा. ज्योति, डा. अंशु चौधरी एवं महक आदि उपस्थित रहे।